(ङ) क्या यह सच नहीं है कि वर्ष 1992–93 के दौरान देश में उत्पादित चीनी की अतिरिक्त मात्रा का निर्यात करने के निर्णय की वजह से चीनी उद्योग को वित्तीय घाटा उठाना पड़ा था; यदि हां, तो चीनी की उत्पादन लागत कम करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

खाद्य मंत्री (श्री अजित सिंह): (क) और (ख) पैराई मौसम 1995–96 के दौरान चीनी के संभावित उत्पादन का अनुमान लगाना अभी उचित नहीं होगा।

(ग) से (ङ) निर्यात एजेन्सी अर्थात भारतीय चीनी व सामान्य आयात निर्यात निगम के अनुसार देश में चीनी के उत्पादन की लागत अन्य चीनी निर्यातक देशों से अधिक नहीं है। तथापि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी के मूल्य भारत में ही नहीं अपितु अन्य निर्यातक देशों में भी सामान्यत: घरेलू बाजार के मूल्यों से कम होते हैं। इसलिए चीनी निर्यात में घाटा होता है।

चीनी की उत्पादन क्षमता को बढ़ाना

5133. **श्री राम जेठमलानी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार देश में चीनी की उत्पादन क्षमता को और बढाने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो चीनी की वह कुल उत्पादन क्षमता क्या है जिसके लिए सरकार मार्च, 1995 के अंत में पहले ही लाइसेंस दे चुकी है ;

(ग) क्या चीनी की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए लाइसेंस देते समय सरकार ने देश में उपरोक्त क्षमता के उपयोग के लिए गन्ने की कुल आवश्यकता के संबंध में कोई मूल्यांकन किया था ;

(घ) यदि हां, तो गन्ने की अनुमानित आवश्यकता कितनी है और क्या चीनी के उत्पादन के लिए देश में गन्ने की अपेक्षित मात्रा उपलब्ध है; और

(ङ) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में गन्ने की वार्षिक औसत उपलब्ध लब्धता कितनी रही है ?

खाद्य मंत्री (श्री अजीत सिंह) : (क) और (ख) 31–3–95 तक चीनी उद्योग की लाइसेंसशुदा तथा संस्थापित क्षमता क्रमश: 206.6197 लाख टन तथा 119.6037 लाख टन थी। अत: 87.016 लाख टन क्षमता अभी कार्यान्वित होने के लिए शेष है जिसके कार्यान्वित होने पर देश में चीनी की उत्पादन क्षमता में और बढोतरी होगी।

(ग) और (घ) सामान्यत: आशय पत्र जारी होने के बाद नई चीनी फैक्ट्री को स्थापित करने के लिए लगभग 3–4 वर्ष लगते हैं। 8वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक प्राप्त की जाने वाली संस्थापित क्षमता का लक्ष्य चीनी उत्पादन क्षमता के लिए 155.66 लाख टन नियत किया गया है। 8वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक प्राप्त की जाने वाली संस्थापित क्षमता के लिए गन्ना उत्पादन 289.46 मिलियन टन अपेक्षित है।

(ङ) पिछले तीन चीनी वर्षों (अक्तूबर-सितंबर) के दौरान देश में औसत वार्षिक गन्ना उत्पादन 236.63 मिलियन टन था।

Stock of Sugar for PDS

5134. SHRI T. VENKATRAM REDDY:

SHRI G. PRATHAPA REDDY:

Will the Minister of FOOD be pleased to state:

(a) stocks of sugar for Public Distribution System as on January, 1 1995;

(b) the estimated availability of levy sugar for the PDS during the year 1995;

(c) the estimated requirements of sugar for the Publice Distribution System for the year 1995;